छात्रों के सीनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 तक में प्रथम स्थान श्री अमन खरे को प्राप्त हुआ, जिन्हें 1100/- रूपये का नगद पुरूस्कार दिया गया। जूनियर वर्ग कक्षा 4 से 8 तक में प्रथम स्थान श्री अखिल गनेश असाटी को प्राप्त हुआ, जिन्हें नगद 1000/- रूपये का पुरूस्कार प्रदाय किया गया। सीनियर में वर्ग में दूसरे स्थान पर कु.अर्चना अवस्थी को 800/- रूपये तथा तीसरे स्थान पर कु.लवली द्विवेदी को 600/- रूपये का नगद पुरूस्कार दिया गया। जूनियर वर्ग में दूसरे स्थान पर रही कु.मनाली बौद्ध को 700/- रूपये तथा तीसरे स्थान पर रहे श्री शलिल चौधरी को 500/- रूपये का नगद पुरूस्कार दिया गया। पुरूस्कार वितरण करते हुये जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भावना वालिम्बे एवं वनसंरक्षक श्री अनूप सिंह राजपूत ने कहा कि प्रतिभागी सभी छात्रों ने बेहतर कला का प्रदर्शन किया है और सर्वश्रेष्ट प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया है। उन्होंने सभी छात्रों से और अधिक बेहतर प्रदर्शन करने का आव्हान किया। प्रारंभ में सुबह 6.30 बजे स्टेडियम से गांधी आश्रम तक छात्रों की रैली का आयोजन किया गया जिसमें वनपरिक्षेत्र अधिकारी श्री के.बी.गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लेखाधिकारी श्री आर.पी.तिवारी आदि ने सराहनीय सहयोग किया। गांधी आश्रम में आकांक्षा तिवारी बनारस का गायन, शालिनी सिंह गाजियाबाद का कथक नृत्य एवं शिवपूजन अवस्थी का तबला वादन ने सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड के दल ने व्यवस्थाओं को संभाला।

दैनिक भास्कर टीकमगढ़ सागर · गुरुवार · 19 मई 2011

# रैली निकलेगी और प्रतियोगिताएं होंगी

**छतरपुर** | अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर 22 मई को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा।सुबह रैली, प्रश्नोत्तरी कार्यशाला और चित्रकला प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रमों की रूपरेखा को तैयार कर लिया गया है। जिला पंचायत सीईओ भावना वालिंबे ने बताया कि जैवविविधता दिवस पर सुबह 7 बजे स्टेडियम से जागरुकता रैली निकलेगी। रैली छत्रसाल चौराहा होते हुए गांधी आश्रम पहुंचेगी।गांधी आश्रम में 7.45 बजे वन जैवविविधता विषय पर प्रश्नोत्तरी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।कार्यशाला में वनसंरक्षक, महाराजा कालेज के प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों सहित विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे।गांधी आश्रम में ही 8 बजे से स्कूली छात्रों के लिए वन जैवविविधता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता कराई जाएगी।निर्णायक मंडल मौके पर ही अपना निर्णय देगा, और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सुबह 9.15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू होगा।कार्यक्रम में आकांक्षा तिवारी बनारस का गायन, शालिनी सिंह गाजियाबाद का कथक नृत्य और शिवपूजन अवस्थी के तबला वादन की प्रस्तुति होगी। डीईओ एसके त्रिपाठी को जैवविविधता दिवस के आयोजन के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। डीपीसी एसके शर्मा एवं सीएमओ सुधीर सिंह को भी आयोजन का दायित्व सौंपा गया है।

राज की दुनिया

छतरपुर, मंगलवार 17 मई 2011

## रंग ला रहा संगीत कला शिविर

छतरपुर। गांधी स्मारक में ऋषिकुल आश्रम के तत्वावधान में योग, संगीत, कला शिविर में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल रहा है। शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि शिविर में गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला एवं नाटक कला का प्रशिक्षण बनारस, गाजियाबाद के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है।

## जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम होंगे

छतरपुर। कलेक्टर राहुल जैन के निर्देशन में आगामी 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विभिन्न आयोजन किए जायेंगे।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भावना वालिम्बे ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है। श्रीमती वालिम्बे ने लोगों को जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन के प्रति संवेदनशील होने के लिए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए निर्देशित [illegible] है। इस अवसर पर वन जैव विविधता पर सभी हाई स्कूलों और हायर [illegible]डरी स्कूलों में कार्यशालाओं, सेमीनारों, चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जैव विविधता के संबंध में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। श्रीमती वालिम्बे के अनुसार 22 मई को विभिन्न स्थानों पर प्रातःकालीन रैलियों का आयोजन किया जायेगा। श्रीमती वालिम्बे ने महाराजा कॉलेज प्राचार्य से आग्रह किया है कि वे जिले के सभी कॉलेजों में अंतरराष्ट्रीय [illegible]विधता दिवस पर विभिन्न आयोजन कराना सुनिश्चित करायें ताकि जैव [illegible]संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरुकता [illegible] की जा सके।

स्टार समाचार सतना, मंगलवार, 2 अप्रैल 2013

# कुपोषण एवं नशा समाज के लिये अभिशाप : विकास

लवकुशनगर। विकास खण्ड से चयनित म.प्र. जन अभियान परिषद की नामांकुर संस्था ऋषि कुल आश्रम समिति द्वारा गांव-गांव में जाकर सबके लिये शिक्षा सबके लिये स्वास्थ्य नशा मुक्ति हरियाली पर्यावरण जल सरंक्षण समग्र स्वच्छता कृषि को लाभ का धंधा बनाना कुपोषण परिवार नियोजन एवं गतिविधियों को लेकर जनजागरण का कार्य किया जा रहा है। ऋषि कुल आश्रम समिति के कार्यक्रम समन्यवक विकास गंगेले ने बताया कि समिति द्वारा शासन की मंशा अनुरुप ब्लाक के चयनित 10 प्रस्फूटन ग्रामों झिन्ना, दिदवारा, रगौली, बगमऊ, रतनपारा पंचमपुर, शिलपतपुरा बंसतपुर छठी बम्हौरी बैरगियापुखरी आदि गॉवो में महिला समितियों प्रस्फुटन समितियों को लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि म.प्र. जन अभियान परिषद एवं शासन की मंशा अनुरुप नामांकुर संस्था ऋषि कुल आश्रम समिति द्वारा ग्राम प्रस्फुटन समितियो एवं महिला समितियों के सहयोग से ग्रामवासियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं समाज की विकास से मुख्य धारा से अलग पड़े लोगों को जोड़ने का प्रयास समिति द्वारा किया जा रहा है। श्री गंगेले ने बताया कि सभी स्पंधन प्रस्फुटन महिला समितियों की मासिक बैठक कर कार्यों की समीक्षा की जाती हैं एवं उन्हे प्रशिक्षित किया जाता हैं इस मौके पर ब्लाक स्तरीय अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. मिश्रा, तहसीलदार यू.सी. मेहरा , एस.डी.एम. एवं अन्य विभागों से संबंधित अधिकारियों द्वारा समय समय पर समितियों को जानकारियां एवं प्रशिक्षण दिये जाते है गद्य बस मासिक बैठक में सी.ई.ओ. द्वारा समितियों के कार्यों की सराहना की गई। इस मौके पर भा.ज.पा. नेत्री उपमा त्रिपाठी, थाना प्रभारी शहजाद सिंह, ब्लाक समन्वयक हरी राम अहिरवार , समाज सेवी. शिवपुजन अवस्थी, जनपद अध्यक्ष रामप्रसाद यादव ब्लाक सदस्य एवं समितियों के सदस्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

मंगलवार, 2 अप्रैल 2013
राज एक्सप्रेस

# कुपोषण एवं नशा समाज के लिए अभिशाप : गंगेले

लवकुशनगर (आरएनएन)। विकासखंड से चयनित म.प्र. जन अभियान परिषद की नामांकुर संस्था ऋषि कुल आश्रम समिति द्वारा गांव गांव में पहुंचकर शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, पयावरण, जल सरंक्षण, स्व%छता, कृषि को लाभ का धंधा बनाना, कुपोषण, परिवार नियोजन को लेकर गांव में लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

आश्रम समिति के कार्यक्रम समन्यवक विकास गंगेले ने बताया कि समिति ब्लाक के चयनित 10 प्रस्फुटन ग्रामों झित्रा, दिदवारा, रगौली, बगमऊ, रतनपारा, पंचमपुर, शिल्पतपुरा, बंसतपुर, छठी बम्हौरी, बैरगियापुखरी आदि गांवों में प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रहीं हैं। उन्होने बताया महिला समितियो के सहयोग से ग्राम वासियो को शासन की विभित्र योजनाओ का प्रचार प्रसार एवं समाज की मुख्य धारा से अलग पड़े लोगो को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा गठित 20 स्पंदन ग्रामो की समिति को भी विकास व समाज की शासन की मुख्य धारा से जोड़कर सामाजिक कार्यों हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर आर.पी. मिश्रा तहसीलदार, यू.सी. मेहरा एस.डी.एम. एवं अन्य विभागो से संबंधित अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया। बैठक में सी.ई.ओ. ने समितियो के कार्यो की सराहना की। इस मौके पर भा.ज.पा. नेत्री उपमा त्रिपाठी, थाना प्रभारी शहजाद सिंह, ब्लाक सम्यनवक हरी राम अहिरवार, समाज सेवी शिवपूजन अवस्थी, जनपद अध्यक्ष रामप्रसाद यादव, ब्लाक सदस्य एवं समितियो के सदस्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

कटौती से छात्रों सहित सभी का नुकसान हो रहा है।

दैनिक भास्कर - 21/2/08



ऋषिकुल आश्रम समिति के सदस्यों ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए।

## ऋषिकुल आश्रम ने गरीबों को कपड़े बांटे

छतरपुर. ऋषिकुल आश्रम के कार्यकर्ताओं ने छतरपुर व चंदला विधानसभा क्षेत्रों के गरीब व असहाय लोगों को कपड़े बांटे। समाजसेवी डॉ. रामअवतार दीक्षित के मार्गदर्शन में आश्रम के युवाओं की टीम ने कतरवारा, रसुइया और ढड़ारी एवं चदला क्षेत्र के छटी बम्हौरी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क कपड़े बांटे। इस अवसर पर डॉ. रामअवतार दीक्षित ने लोगों से कहा कि दूसरों के भूखे पेट भरने से बड़ा कोई दूसरा धर्म नहीं है। निर्धन, असहाय और भूखे लोग ही उनके भगवान है। उन्हीं की सेवा करना सबसे बड़े पुण्य का काम है। कपड़ा वितरण कार्यक्रम में आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष उपेंद्र नाथ द्विवेदी, शिवपूजन अवस्थी, नरेंद्र त्रिवेदी, शमी खान, गोविंद रावत, डॉ. राकेश असाटी, संजय मलिक, अशोक सोनी, राकेश चौरसिया, मनोज चौरसिया और डॉ. अखिलेश निगम शामिल थे।

6 दैनिक भास्कर
सागर, शुक्रवार 15 फरवरी, 2008

# राष्ट्रीय चेतना के लिए युवाओं की सहभागिता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, छतरपुर

स्थानीय संत शरीर आश्रम मोटे के महावीर मंदिर परिसर में हुई ऋषिकुल आश्रम समिति की बैठक में राष्ट्रीय चेतना के लिए युवाओं की सहभागिता को जरूरी बताया गया है। इस बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

डॉ. रामअवतार दीक्षित की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ऋषिकुल आश्रम समिति की ओर से संचालित कार्यक्रमों को गति देने के लिए व्यापक पैमाने पर राष्ट्रीय चेतना और जनचेतना पर बल दिया गया। बैठक में गौ संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम को गति देने पर विचार हुआ।

दिव्य ज्योतिष योग विज्ञान एवं प्राकृतिक चिकित्सा तथा अन्य चिकित्सा की विधाएं आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथिक हर्बल जड़ी बूटियों के उत्पादन पर चर्चा हुई। बैठक का संचालन कर रहे शिवपूजन अवस्थी ने बताया कि भारतीय संस्कृति एवं संगीत की विविध विधाओं के प्रशिक्षण के लिए मई में शिविर का आयोजन स्थानीय गांधी आश्रम में किया जाना है।

समाजसेवी डा. रामअवतार दीक्षित ने कहा कि किसी भी देश की राष्ट्रीय चेतना जाती रहे तो उसे कोई भी श्रम, शौर्य एवं पराक्रम वापस नहीं ला सकता है।

उन्होंने कहा कि यूनान, मिश्र, रोम की राष्ट्रीय चेतना जाती रही तो इनका अस्तित्व भी जाता रहा। लेकिन भारत के वीर सपूतों ने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रीय चेतना को जगाए रखा। इस बैठक में डॉ. अखिलेश निगम, डॉ. राकेश असाटी, महंत कमलेशानंद बब्बाजू उपस्थित थे।

दैनिक जागरण

भोपाल, 21 जनवरी 2014

# ठंड से हो रही गायों की मौत

**लवकुशनगर।** कड़ाके की ठंड में कटिया तथा शंकरगढ़ में संचालित गौशालाओं में रोजाना बड़ी संख्या में गायों की मौत से चिंतित पत्रकार संघ ने एसडीएम से मुलाकात कर गायों को बचाने के प्रयास करने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को बताया कि गौशाला संचालक की लापरवाही के कारण कटिया में रोजाना गायों की मौत हो रही है। यही हाल शंकरगढ़ में बिना पंजीयन के संचालित गौशाला का है। पत्रकारों ने इस मामले में एसडीएम से हस्तक्षेप करने को कहा। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार से जांच कराकर गौशालाओं की व्यवस्था सुधारने का आश्वास दिया है। प्रतिनिधिमंडल में जावेद खान, विकास गंगेले, शिवपूजन अवस्थी, रजनीश दीक्षित, रद्दू रिछारिया सहित अनेक पत्रकार शामिल थे।

एक शाम शहीदों के नाम

# देश भक्ति के गीतों पर झूमे श्रोता

छतरपुर, एमपीजेएस न्यूज

मप्र जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वावधान में लवकुशनगर ब्लॉक के ग्राम चितहरी में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और नवांकुर संस्था के युवा प्रतिभागियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत-भजन प्रस्तुत कर स्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

जनअभियान परिषद के जिला कोआर्डीनेटर सुषील वर्मन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी कलाकारों और प्रतिभागियों ने देषभक्ति पूर्ण प्रहषन, एकांकी, नाट्य प्रस्तुत किये वहीं कलाकारों ने गीत भजन पेष कर वातावरण को देषभक्ति मय बना दिया। इस अवसर पर ग्राम के समाजसेवी सुखदेव द्विवेदी को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डीनेटर हरीराम अहिरवार, जीतेन्द्र त्रिपाठी, एमएल गुप्ता, पत्रकार विकास गंगेले, कल्लू जड़िया, रामअवतार मिश्रा सहित ग्राम पंचायत के सरपंच मौजूद रहे।



# गौ-पूजन कर उन्हें बचाने का लिया सामूहिक संकल्प

राज एक्सप्रेस 20 नवम्बर 2007

## ऋषि कुल आश्रम के तत्वावधान में आयोजन



छतरपुर (आरएनएन)। निकटवर्ती ग्राम ढड़ारी में सामूहिक रूप से गौ-पूजन करके उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। यह आयोजन ऋषिकुल आश्रम चंदला के तत्वावधान में किया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश नारायण थे। अध्यक्षता सेवा निवृत्त डीएसपी आईआर भटेले ने की। अपने संबोधन में श्री भटेले ने कहा कि गाय के बिना मानव जीवन अधूरा है। प्रकृति के संतुलन और विकास में गाय अभिन्न हिस्सा रही है।

वर्तमान में गाय पर अत्याचार हो रहे रहे हैं। नई पीढ़ी गाय के प्रति आदर और उसकी महत्वता को भूल रही है, जिसके गंभीर परिणाम सामने आने लगे हैं। कार्यक्रम मैं विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र सराफ, मनोज व्यास, पशु उपसंचालक डीडी शुक्ला, डा. रामअवतार दीक्षित, महेश सिंह, डा. डीएल मलिक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। राकेश चौधरी, शिवराम राजपूत, राकेश असाटी, राजाराम शर्मा, संजू तिवारी, मनोरमा भटेले का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गांधी स्मारक के व्यवस्थापक भूपेश भूषण ने किया। इस कार्यक्रम में ग्राम ढड़ारी, ललौनी, कतरवारा और रसुईया भाटन के ग्रामीण उपस्थित थे।

**लांड्री में लगी आग :** ग्वाल मंगरा तालाब के समीप स्थित लांड्री की दुकान में लगी आग से हजारों का माल जलकर खाक हो गया। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि शिवदयाल रजक की दुकान में शॉर्टसर्किट से आग लगने से 40 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

दैनिक भास्कर 21 नव. 2007

छतरपुर. आंचलिक

# गाय के बिन अधूरा है मानव का जीवन

*गौ अष्टमी पर गायों की पूजा एवं अन्य कार्यक्रम हुए*

*गौ संवर्धन विषय पर कार्यशाला का आयोजन*

*कार्यक्रम में गौ पालन की जानकारी दी गई*

कार्यालय संवाददाता, छतरपुर

गोवर्धन गौ-शाला और ऋषिकुल आश्रम चंदला द्वारा गौ-अष्टमी पर ग्राम ढड़ारी में गौ संवर्धन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोरमा गौशाला के संचालक इच्छाराम भटेले ने की। भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री प्रकाश नारायण मुख्य अतिथि थे। किसान संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सराफ, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मनोज व्यास और उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा डीडी शुक्ला विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता कर रहे श्री भटेले ने कहा कि गौ-वंश मानव जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इनके बिना मानव जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि भौतिकवादी युग में यदि प्रकृति के विरुद्ध काम किया जाता है तो उसके दुष्परिणाम भी भुगतना पड़ सकते हैं।

कार्यक्रम में डा. रामअवतार दीक्षित, महेश सिंह और डा. डीएल मलिक ने गौ-पालन, गौमूत्र और गोबर के उपयोग के संबंध में जानकारियां दीं। आश्रम के संयोजक उपेंद्र नाथ द्विवेदी ने संस्कृति की रक्षा के लिए युवाओं का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम ढड़ारी, ललौनी, कतरवारा, रसुईया और भाटन के 150 गौ पालकों को सम्मानित कर गायों की पूजा की गई। संचालन गांधी स्मारक निधि के व्यवस्थापक भूपेशभूषण ने व आभार प्रदर्शन आश्रम संयोजक उपेंद्र नाथ द्विवेदी ने किया।

18/नव. 2007 शुभ भारत

# गौ संवर्धन से जुड़ा कार्यक्रम आज

छतरपुर (कार्या.) 17 नवम्बर। ऋषि कुल आश्रम छठी बम्हौरी द्वारा रविवार को ढड़ारी में रेडियो टावर के सामने दोपहर 1 बजे गौ-संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री प्रकाश नारायण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और मनोरमा गोशाला के संचालक और वरिष्ठ समाज सेवी इच्छाराम जी भटेले अध्यक्षता करेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक पं. उपेन्द्रनाथ द्विवेदी ने बताया कि समूचे बुंदेलखण्ड में अकाल की स्थिति बन चुकी है अभी से पानी की किल्लत को हम सब महसूस कर रहे हैं। ऐसी विषय स्थिति में हमें गौ-बंश तथा समूचे दूसरे प्राणियों का ख्याल रखना आवश्यक हो गया है। गौ-माता न केवल हमारे कृषि बल्कि हमारे जीवन की भी पूरक हैं, अगर गौ-माता का अस्तित्व खतरे में हुआ तो समूचे प्रकृति का ही संतुलन बिगड़ जायेगा। गौ-रक्षा के उद्देश्य और इसका वातावरण पुनः निर्मित करने के उद्देश्य को लेकर आयोजित इस गौ-संवर्धन कार्यक्रम में 109 ग्रामों का पूजन और 109 गायों के पालकों के सम्मान के साथ-साथ गौ-सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निहारने वाले व्यक्तियों का भी सम्मान किया जायेगा। श्री द्विवेदी ने बताया कि इस अवसर पर तीन अच्छे पालकों को भी सम्मानित किया जायेगा। इनका चयन उपस्थित पशु चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा और सभी का सम्मान मनोरमा गौ-रक्षा के संचालक इच्छाराम भटेले के सहयोग से किया जायेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छतरपुर नगर के पालिका अध्यक्ष सरदार प्यारा सिंह, उप संचालक कृषि डी.एल. कोरी एवं उप संचालक पशु डी.डी. शुक्ला उपस्थित रहकर गौ के अन्य उपयोगों का गौ-पुत्र, गोबर तथा दुग्ध के लाभ पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। श्री द्विवेदी ने सभी धर्मप्रिय जनता और समाजसेवी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## ...ाह आज आएँगे

...म्बर (कासं)।

...ति कल्याण मंत्री कुंवर विजय शाह 18 ... शाह 18 नवंबर को सुबह 10.40 बजे ... प्रस्थान कर दोपहर एक बजे खजुराहो ... आएंगे। बिजावर में वनमंत्री तेंदूपत्ता ... में शामिल होंगे। वे शाम 5 बजे ... गे तथा शाम 7 बजे खजुराहो पहुंचेंगे। ... करेंगे। अगले दिन 19 नवंबर को ... के लिए रवाना होंगे। झांसी से वे

## विधिक साक्षरता ...

छतरपुर, 17 नवंबर (कासं)। ... में जिले में मनाए जा रहे विधिक साक्षरत...

छतरपुर भ्रमण 20 नव. 2007

# ढ़डारी में गोपाष्टमी पर्व पर गौ-पूजन कार्यक्रम सम्पन्न

छतरपुर 19 नव.(कार्या.)। ग्राम ढ़डारी में गौ-अष्टमी के अवसर पर आयोजित गौ-संवर्धन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये सेवा निवृत्त डी.एस.पी. और मनोरमा गौशाला के संचालक इच्छाराम भटेले ने कहा कि गौ के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है, प्रकृति में संतुलन और व्यक्ति के विकास के इन सबकी भी बराबर की भागीदारी होना आवश्यक है। आज के भौतिकवादी युग में यदि प्रकृति के विरूद्ध मानव चलेगा तो उसके दुष्परिणाम हमें स्वयं भुगतान होगें अपनी परम्परा को खोने के बचाने के लिए ऐसे कार्यक्रम की आवश्यकता बताते हुये आयोजकों को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती और गौ आरती कर पधारे मुख्य अतिथि प्रकाश नारायण संगठन मंत्री भारतीय किसान संगठन मंत्री भारतीय किसान संगठन और विशिष्ट अतिथि किसान संगठन के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र सर्राफ वार एशोसियन के उपाध्यक्ष मनोज व्यास पशु चिकित्सक के उप संचालक डी.डी.



शुक्ला और अध्यक्षता कर रहे मनोरमा गौ-शाला के संचालक इच्छाराम भटेले जी का ऋषि कुल आश्रम की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

गौ-पालन के उपयोग गौ-मूत्र, गोवर का कृषि में उपयोग जैसे विषयों कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के अलावा डॉ. रामअवतार दीक्षित, महेश सिंह, डॉ. डी.एल. मलिक ने भी अपने विचार प्रकट किये।

इस अवसर पर ढ़डारी, ललौनी, कतरवारा, रसुईया भाटन के लगभग 150 गौ-पालकों का सम्मान और गायों का पूजन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में ऋषिकुल आश्रम के संयोजक उपेन्द्र नाथ द्विवेदी ने युवाओं का आवाह्न किया कि हमें विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति को याद रखना आवश्यक है और उन्होंने सभी का आभार प्रकट करते हुये अपील की ऐसे रचनात्मक कार्यों में ऐसे ही सभी का सहयोग आवश्यक है।

इस अवसर पर गौ-सेवक राकेश चौधरी उर्फ रक्कू चौधरी, शिवराम राजपूत लौंड़ी, राकेश असाटी, राजाराम शर्मा व संजू तिवारी को एवं मनोरमा भटेले को सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोज चौरसिया, राकेश चौरसिया, समीर शेख, डॉ. अखिलेश निगम, बालमुकुन्द पटेल, गोविन्द रावत, एड. राजकुमार समाधियां, गणेश प्रसाद दीक्षित, जुगल किशोर पटेल, संजय मलिक के अलावा ग्रामों के गौ-पालकों एवं भूपेश भूषण द्वारा किया गया।

राज एक्सप्रेस
भोपाल, शनिवार, 15 अक्टूबर 2011

# बेटियों को आगे बढ़ाने का किया आह्वान

छतरपुर (आरएनएन)। जिले के लवकुशनगर में ऋषिकुल संगीत महाविद्यालय परिसर में बेटी बचाओ अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि वक्ताओं ने मानवता के लिए बेटी बचाने और बेटियों को आगे बढ़ाने का आवाह्न किया। मुख्य वक्ता अनिल सौमित्र ने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में जो भी कामना करता है वह सब कुछ उसे देवी आराधना से ही प्राप्त होता है। बेटियां ही देवियां और नारी शक्ति का प्रतीक हैं। बेटियों से ही बेटों और पुरूषों का अस्तित्व है। जहां बेटियां बचेंगी वहीं मानवता बची रहेगी। संगोष्ठी में आरएसएस के तहसील कार्यवाहक, मुकेश विश्वकर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजेन्द्र जड़िया, महामंत्री विदुर तिवारी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मंत्री वीरेन्द्र सराफ ने की। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता शिवपूजन अवस्थी ने किया।

दैनिक शुभ भारत
छतरपुर, शनिवार 15 अक्टूबर 2011
4

# मानवता के लिए बेटियां बचाएं, बेटियों को आगे बढ़ायें-अनिल सौमित्र

लवकुशनगर (एस.बी.न्यूज)। ऋषिकुल आश्रम और स्पंद संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आज बेटी बचाओ अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन हुआ। ऋषिकुल संगीत महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सौमित्र वक्ता के रूप में उपस्थित थे। भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मंत्री वीरेन्द्र सर्राफ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील कार्यवाह मुकेश विश्वकर्मा, भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जड़िया और मंडल महामंत्री विदुर विश्वारी सहित नगर के प्रबुद्धजन काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता शिवपूजन अवस्थी ने किया।

14 नईदुनिया ग्वालियर, शनिवार 15 अक्टूबर 2011

# बेटी बचाने सब आएं आगे

लवकुशनगर। ऋषिकुल आश्रम द्वारा पं. उपेंद्र नाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय में बेटी बचाओ अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई। भोपाल से आए वरिष्ठ पत्रकार अनिल सोमित्र गोष्ठी के मुख्य वक्ता थे। श्री सोमित्र ने बेटियों को दुर्गा, लक्ष्मी एवं सरस्वती का रूप बताया। उन्होंने बताया कि समाज में बेटियां हैं तो मानवता है। बेटियों की सुरक्षा के लिए सभी लोग आगे आएं। भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र जड़िया ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की सोच ही निराली है। बेटी बचाओ कार्यक्रम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान महत्वाकांक्षी अभियान है। भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मंत्री वीरेंद्र सर्राफ एवं युवा मोर्चा के महामंत्री विदुर तिवारी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत पेश किए। गोष्ठी का संचालन एवं आभार प्रदर्शन शिवपूजन अवस्थी ने किया।समाचार क्रमांक 07

अन्य कार्यवाही की जावेगी।

रविवार, 13 जनवरी 2013
राज एक्सप्रेस

# 'महिलाएं भी बनें सहभागी'

## विभिन्न ग्रामों में ग्राम विकास महिला समितियों का गठन

राज न्यूज नेटवर्क

छतरपुर। मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की तर्ज पर ग्राम विकास महिला समितियों का गठन किया जा रहा है।




मप्र जन अभियान परिषद को नवांकुर संस्था ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा लवकुशनगर विकासखण्ड के दिदवारा, झिन्ना, रगौली, वगमऊ, सिलपतपुर, पंचमनगर, रतनपारा, वसंतपुर, छठी बम्हौरी, पुखरी ग्रामों में ग्राम विकास महिला समितियों का गठन किया गया है। इस दौरान अपने संबोधन में विकास गंगेले ने कहा कि गांव के विकास में जितना योगदान ग्राम विकास समितियों का होगा। ग्राम विकास में महिलाओं की सहभागिता भी उतनी जरूरी है। इस अवसर पर ऋषिकुल आश्रम समिति के सचिव शिवपूजन अवस्थी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छतरपुर, शुक्रवार 14 दिसम्बर 2012
दैनिक शुभ भारत

## ग्राविप्रस छठीबम्हौरी ने 46 रन से की जीत हासिल

लवकुशनगर (एस.बी.न्यूज) 13 दिस.। म.प्र. जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में ग्राम स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में वर्ष 2009-10 में गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छटीबम्हौरी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैरगियापुखरी के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छटीबम्हौरी की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसने बल्लेबाजी करते हुये 7 विकेट पर 157 रन बनाये। वहीं दूसरे खेमे में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैरगियापुखरी की क्रिकेट टीम 16 ओवर में कुल 111 रन ही बना पाई। विजेता टीम छटीबम्हौरी के बेटा यादव ने सर्वश्रेष्ठ 77 रनों का योगदान दिया वहीं रामआसरे यादव ने विकेट लेने में हैट्रिक जमाकर टीम को विजय दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिता आयोजन में नवांकुर समिति ऋषिकुल आश्रम एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि अन्तर्ग्राम प्रतियोगिताओं से जीतकर आने वाली टीमें विकासखण्ड स्तर पर तथा विकासखण्ड स्तर से जीतकर आने वाली टीम को जिला स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा।

राज की दुनिया

## खेल से मिलती है नई दिशा :गंगेले

छतरपुर। ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा लवकुशनगर ब्लाक के पैरागिया पुखरी एवं छठी बम्हौरी के बीच क्रिकेट मैच का मुकाबला कराया गया जिसमें छठी बम्हौरी टीम ने 46 रनों से मैच जीता। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि विकास गंगेले ने कहा कि खेल से युवाओं को नई दिशा मिलती है। इन खेलों में ब्लाक समन्वयक हरिराम अहिरवार, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, वरूण शुक्ला एवं शिवपूजन अवस्थी विशेष रूप से मौजूद थे।

छतरपुर, मंगलवार 18 दिसम्बर 2012

दैनिक भास्कर
सागर • रविवार, 13 जनवरी, 2013 • 17

# महिलाओं की सहभागिता जरूरी

भास्कर संवाददाता. छतरपुर

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की तरह ग्राम विकास महिला समितियों का गठन किया जा रह है।

समिति के विकास गंगेले ने बताया कि मप्र जन अभियान परिषद की नई संस्था ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा लवकुशनगर ब्लाक के दिदवारा, झिन्ना, रगौली, बगमउ, सिलपतपुर, पंचमनगर, रतनपारा, वसंतपुर, छठी बम्हौरी, वेरगिया पुखरी आदी गांव में ग्राम विकास महिला समिति गठन का कार्य किया जा रहा है। श्री गंगेले ने कहा कि गांव के विकास में जितना योगदान ग्राम विकास समितियों का है उतना ही गांव के विकास में महिलाओं की सहभागिता जरूरी है।

महिलाओं की सहभागिता के बिना किसी भी तरह से गांव के पूर्ण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्टार समाचार
सतना, रविवार
13 जनवरी 2013

# ग्राम विकास में महिलाओं की सहभागिता जरूरी : गंगेले

छतरपुर। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की तर्ज पर ग्राम विकास महिला समितियों का गठन किया जा रहा है। म.प्र. जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा लवकुशनगर विकासखण्ड के दिदवारा, झिन्ना, रगौली, वगमऊ, सिलपतपुर, पंचमनगर, रतनपारा, वसंतपुर, छठी बम्हौरी, वेरगिया पुखरी ग्रामों में ग्राम विकास महिला समितियों के गठन का कार्य किया जा रहा है। समितियों के गठन के दौरान विकास गंगेले ने कहा कि गांव के विकास में जितना योगदान ग्राम विकास समितियों का है उतना ही गांव के विकास में महिलाओं की सहभागिता बहुत जरूरी है।

सांध्य दैनिक
छतरपुर टाइम्स
छतरपुर 12 जनवरी शनिवार, 2013

# ग्राम विकास में महिलाओं की सहभागिता जरूरी : गंगेले

छतरपुर। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की तर्ज पर ग्राम विकास महिला समितियों का गठन किया जा रहा है। म.प्र. जन अभियान परिषद को नवांकुर संस्था ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा लवकुशनगर विकासखण्ड के दिदवारा, झिन्ना, रगौली, वगमऊ, सिलपतपुर, पंचमनगर, रतनपारा, वसंतपुर, छठी बम्हौरी, पुखरी ग्रामों में ग्राम विकास महिला समितियों के गठन के कार्य किया जा रहा है। समितियों के गठन के दौरान विकास गंगेले ने कहा कि गांव के विकास में जितना योगदान ग्राम विकास समितियों का भी होगा। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में महिलाओं की सहभागिता बहुत जरूरी है महिलाओं की सहभागिता के बिना ग्राम विकास की पूर्ण कल्पना नहीं की जा सकती है।

इस अवसर पर ऋषिकुल आश्रम समिति के सचिव शिवपूजनअवस्थी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



समिति के गठन के अवसर पर उपस्थित महिलाएं।

# महिलाओं की सहभागिता के बगैर नहीं हो सकता ग्राम का विकास : गंगेले

**लवकुशनगर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की तर्ज पर ग्राम विकास महिला समितियों का गठन किया जा रहा है।मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा लवकुशनगर विकासखंड के दिदवारा, झिन्ना, रगौली, बगमऊ, सिलपतपुर, पंचमनगर, रतनपारा, बसंतपुर, छठीबम्हौरी और पुखरी ग्रामों में ग्राम विकास महिला समितियों के गठन के कार्य किए जा रहे हैं।समितियों के गठन के दौरान विकास गंगेले ने कहा कि गांव के विकास में जितना योगदान ग्राम विकास समितियों में महिलाओं की सहभागिता आवश्यक है।उनकी उपस्थिति के बगैर ग्राम विकास की पूर्ण कल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर ऋषिकुल आश्रम समिति के सचिव शिवपूजन अवस्थी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भोपाल, 29 सितम्बर 2010

भोपाल, 29 सितम्बर 2010



छतरपुर। कुपोषण निवारण हेतु जानकारी देने समिति द्वारा लगाया गया शिविर।

# कुपोषण निवारण एवं महिला जागृति शिविर आयोजित

जागरण,छतरपुर

ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चंदला क्षेत्र में दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। ग्राम छटीबम्होरी में कुपोषण निवारण एवं जागृति शिविर आयोजित किया गया। वहीं कंचनपुर में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया। कुपोषण कोई बीमारी नहीं है बल्कि खान-पान की अनियमितता के कारण शरीर की कार्य क्षमता में कमी आ जाना है। इस कमी को सहज ही पूरा किया जा सकता है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुखदेव प्रसाद अवस्थी ने ग्रामीणों को ग्राम में पाई जाने वाली चीजों के सेवन की विधियों के बारे में बताया कि इनके नियमित सेवन से ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

**• शिविर में आकर लोगों ने की भागीदारी**

कार्यक्रम के अवसर पर जनपद सदस्य गट्टू सिंह भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री वीरेन्द्र सर्राफ हरिराम अहिरवार वरूण शुक्ला, एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। ग्राम कंचनपुर में आयोजित महिला जागृति शिविर में महिला अधिकारों से संबंधित ग्रामीण महिलाओं को जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोमती देवी सिसोदिया ने की तथा मंच संचालन ऋषिकुल आश्रम के सचिव शिवपूजन अवस्थी ने किया। ऋषिकुल आश्रम समिति के उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने जुड़कर हर बिंदुओं पर चर्चा की।

छतरपुर, दिनांक 30 सितम्बर 2010 दिन गुरूवार

# कुपोषण निवारण एवं महिला जागृति शिविर सम्पन्न

छतरपुर 29 सितम्बर कार्या.। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वावधान में चंदला क्षेत्र में दो दिवसीय शिविर आयोजित किये गये। ग्राम छटीबम्हौरी में कुपोषण निवारण एवं जागृति शिविर आयोजित किया गया। वहीं ग्राम कंचनपुर में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग छतरपुर के सौजन्य से आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कुपोषण कोई बीमारी नहीं है बल्कि खान-पान की अनियमितता के कारण शरीर की कार्य क्षमता से कमी आ जाना है। इस कमी को सहज ही पूरा किया जा सकता है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री सुखदेव प्रसाद अवस्थी ने ग्रामीणों को ग्राम में पाई

छतरपुर, शुक्रवार 01 अक्टूबर 2010

दैनिक शुभ भारत

## कुपोषण निवारण एव महिला जागृति शिविर सम्पन्न

छतरपुर। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चंदला क्षेत्र में दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। वहीं ग्राम कंचनपुर में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विभाग छतरपुर के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुपोषण कोई बीमारी नहीं है बल्कि खान-पान की अनियमितता के कारण शरीर की कार्यक्षमता में कमी आ जाता है।

2 भोपाल, बुधवार, 29 सितंबर 2010 नव भारत




चंदला के ऋषिकुल आश्रम में कुपोषण निवारण शिविर का आयोजन किया गया.

## कुपोषण से बचने शिविर आयोजित

छतरपुर. 28 सितंबर. ऋषिकुल आश्रम चंदला में कुपोषण से बचने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया. ग्राम छठीबम्होरी में आयोजित शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुखदेव प्रसाद अवस्थी ने बताया कि कुपोषण कोई बीमारी नहीं है बल्कि खान-पान सही नहीं होने के शरीर की कार्यक्षमता घट जाती है. कार्यक्रम में जनपद सदस्य पट्टू सिंह, भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री वीरेन्द्र सराफ, मप्र जन अभियान परिषद के समन्वयक हरीराम अहिरवार एवं वरुण शुक्ला उपस्थित थे. ग्राम कंचनपुर में महिला जागृति शिविर का आयोजन भी किया गया. कार्यक्रम का संचालन शिवपूजन अवस्थी ने किया.

.webdunia.com
छतरपुर-पन्ना
ग्वालियर, बुधवार 29 सितंबर 2010
नईदुनिया

## कुपोषण निवारण एवं महिला जागृति शिविर

# कुपोषण कोई बीमारी नहीं

### खान-पान की अनियमितता से आती है कार्यक्षमता में कमी

■ महिला को किया जागरूक

छतरपुर। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वावधान में चंदला क्षेत्र में दो दिवसीय कुपोषण निवारण एवं महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम छठी बम्हौरी में शिविर के माध्यम से कुपोषण निवारण एवं ग्राम कंचनपुर में महिला जागृति के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग छतरपुर के सौजन्य से आयोजित कुपोषण निवारण शिविर में विकासखंड शिक्षाधिकारी सुखदेव प्रसाद अवस्थी ने बताया कि कुपोषण कोई बीमारी नहीं है, बल्कि खान-पान की अनियमितता के कारण शरीर की कार्यक्षमता में कमी आ जाता है। इस कमी को सहज ही पूरा किया जा सकता है। श्री अवस्थी ने ग्रामीणों को गांव में पाई जाने वाली चीजों के सेवन की विधियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इनके नियमित सेवन से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। कुपोषण निवारण शिविर में जनपद सदस्य गट्टू सिंह, भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री वीरेंद्र सर्राफ, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक हरिराम अहिरवार, एडवोकेट वरुण शुक्ला व ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसी तरह कंचनपुर में आयोजित महिला जागृति शिविर की अध्यक्षता ग्राम की वरिष्ठ महिला श्रीमती गोमतीदेवी सिसौदिया ने की। मंच संचालन ऋषिकुल आश्रम के सचिव शिवपूजन अवस्थी ने किया। इस मौके पर ग्रामीण महिलाओं को महिला अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। -नसे




कंचनपुर में आयोजित महिला जागृति शिविर में उपस्थित पदाधिकारी व महिलाएं।

---

3 अक्टूबर.2010
दैनिक भास्क

## खान-पान से दूर होता है कुपोषण

छतरपुर । ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा चंदला क्षेत्र में दो दिवसीय कुपोषण निवारण शिविर आयोजित किया गया। छठी बम्हौरी तथा कंचनपुर में इस शिविर का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि कुपोषण कोई बीमारी नहीं है बल्कि खान-पान की अनियमितता के कारण कार्य क्षमता में कमी आती है। इस कमी को सहज पूरा किया जा सकता है। बीईओ सुखदेव प्रसाद अवस्थी ने ग्रामीणों को गांव में पाई जाने वाली खाद्य वस्तुओं के बारे में जानकारी दी। जनपद सदस्य धीरेंद्र सिंह गट्टू राजा, भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मंत्री वीरेंद्र सर्राफ, जन अभियान परिषद के हरिराम अहिरवार, वरुण शुक्ला ने भी संबोधित किया। शिविर की अध्यक्षता गोमती देवी सिसौदिया ने की। संचालन ऋषिकुल आश्रम के सचिव शिवपूजन अवस्थी ने किया।

छतरपुर, मंगलवार 02 अप्रैल 2013

**कृष्ण क्रान्ति**

# कुपोषण एवं नशा समाज के लिये अभिशाप : विकास गंगेले



लवकुशनगर। विकास खण्ड से चयनित म.प्र. जन अभियान परिषद की नामांकुर संस्था ऋषि कुल आरम समिति द्वारा गाँव गाँव में जाकर सबके लिये शिक्षा सबके लिये स्वास्थ्य नशा मुक्ति हरियाली पर्यावरण जल सरंक्षण समग्र स्वच्छता कृषि को लाभ का धंधा बनाना कुपोषण परिवार नियोजन एवं गतिविधियो को लेकर जनजागरण का कार्य किया जा रहा है। ऋषि कुल आश्रम समिति के कार्यक्रम समन्यवक विकास गंगेले ने बताया कि समिति द्वारा शासन कीमंसा अनुरुप ब्लाक के चयनित 10 प्रस्फूटन ग्रामों झिन्ना, दिदवारा, रगौली, बगमऊ, रतनपारा पंचमपुर, शित्पतपुरा बंसतपुर छठी बम्हौरी बैरगियापुखरी आदि गॉवो में महिला समितियो प्रस्फूटन समितियो को लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि म.प्र. जन अभियान परिषद एवं शासन की मंसा अनुरुप नामांकुर संस्था ऋषि कुल आरत समिति द्वारा ग्राम प्रस्फुटन समितियो एवं महिला समितियो के सहयोग से ग्राम वासियो को शासन की विभिन्न योजनाओ का प्रचार प्रसार एवं समाज की विकास से मुख्य धारा से अलग पड़े लोगो को जोड़ने का प्रयास समिति द्वारा किया जा रहा है। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा गठित 20 स्पबंधन ग्रामो की समिति को भी विकास व समाज की शासन की मुख्य धारा से जोड़कर सामाजिक कार्यो हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्री गंगेले ने बताया कि सभी स्पंधन प्रस्फूटन महिला समितियो की मासिक बैठक कर कार्यो की समीक्षा की जाती हैं एवं उन्हे प्रशिक्षित किया जाता है इस मौके पर ब्लाक स्त्रीय अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. मिश्रा तहसीलदार यू.सी. मेहरा एस.डी.एम. एवं अन्य विभागो से संबंधित अधिकारियो द्वारा समय समय पर समितियो को जानकारियां एवं प्रशिक्षण दिये जाते है गद्य बस मासिक बैठक में सी.ई.ओ. द्वारा समितियो के कार्यो की सराहना की गई इस मौके पर भा.ज.पा. नेत्री उपमा त्रिपाठी थाना प्रभारी शहजाद सिंह, ब्लाक सम्यनवक हरी राम अहिरवार समाज सेवी. शिवपूजन अवस्थी जनपद अध्यक्ष रामप्रसाद यादव ब्लाक सदस्य एवं समितियो के सदस्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

**विंध्य–शक्ति छतरपुर**

मंगलवार, 02 अप्रैल 2013

# कुपोषण एवं नशा समाज के लिए अभिशापः गंगेले

लवकुशनगर । विकासखंड से चयनित म.प्र. जन अभियान परिषद की नामांकुर संस्था ऋषि कुल आश्रम समिति द्वारा गांव गांव में पहुंचकर शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, पर्यावरण, जल सरंक्षण, स्वच्छता, कृषि को लाभ का धंधा बनाना, कुपोषण, परिवार नियोजन को लेकर गांव में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। आश्रम समिति के कार्यक्रम समन्यवक विकास गंगेले ने बताया कि समिति ब्लाक के चयनित 10 प्रस्फुटन ग्रामों झिन्ना, दिदवारा, रगौली, बगमऊ, रतनपारा, पंचमपुर, शिल्पतपुरा, बंसतपुर, छठी बम्हौरी, बैरगियापुखरी आदि गांवों में प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रहीं हैं। उन्होने बताया महिला समितियो के सहयोग से ग्राम वासियो को शासन की विभिन्न योजनाओ का प्रचार प्रसार एवं समाज की मुख्य धारा से अलग पड़े लोगो को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा गठित 20 स्पंदन ग्रामो की समिति को भी विकास व समाज की शासन की मुख्य धारा से जोड़कर सामाजिक कार्यो हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर आर.पी. मिश्रा तहसीलदार, यू.सी. मेहरा एस.डी.एम. एवं अन्य विभागो से संबंधित अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया। बैठक में सी.ई.ओ. ने समितियो के कार्यो की सराहना की। इस मौके पर भा.ज.पा. नेत्री उपमा त्रिपाठी, थाना प्रभारी शहजाद सिंह, ब्लाक सम्यनवक हरी राम अहिरवार, समाज सेवी शिवपूजन अवस्थी, जनपद अध्यक्ष रामप्रसाद यादव, ब्लाक सदस्य एवं समितियो के सदस्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

# विनियोग परिवार ने गरीबों की मदद हेतु खोले हाथ

लौंड़ी 25 मार्च (नि.प्र.)। मुंबई के विनियोग परिवार के द्वारा गांव में स्थित ऋषिकुल आश्रम का सहयोग लेकर गरीब परिवार के लोगों को अन्न आदि सामग्री देकर उनको लाभांवित किया जा रहा है।

श्री अवस्थी ने बताया कि विनियोग परिवार द्वारा सूखे की स्थिति से जूझ रहे कई गरीब परिवार के लोगों के सामने जहां रोजी-रोटी का संकट आ पड़ा है उस पर इन लोगों को ऐसे कठिन समय में मदद की सख्त आवश्यकता को देखते हुए थोड़ी सी मदद करके उनका कष्ट दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# ऋषिकुल आश्रम में संचालित अन्नदान योजना

छतरपुर। विगत दिवस ऋषिकुल आश्रम के तत्वाधान में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदो को अन्न दान सचालित कार्य योजना के अंतर्गत जिले के छटी बम्हौरी क्षेत्र के अंतर्गत अनाज निःशुक्लक वितरित किया गया। मुंबई के विनियोग परिवार की सहायत से अन्न दान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उक्त अवसर पर समिति अध्यक्ष उपेंद्रनाथ द्विवेदी, सजय मलिक, अरूण शुक्ला, अखिलेश निगम, डी.के. खरे आदि उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर सजय गाई ने युवाओं का आव्हान किया कि गाय एवं जनवरों की रक्षा हेतु तत्पर रहे।

## चर्चा का आलेख

बुन्देलखण्ड क्षेत्र सूखा की मार से जूझ रहा है। प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को दलगत राजनीति से हटकर समुचित बुन्देलखण्ड क्षेत्र के लिए सूखे से निपटने के लिए अन्नदान कार्ययोजना जरूरतमंद लोगों के लिए चलाना चाहिए। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज देकर सूखा की मार झेल रहे गरीब लोगों को राहत देनी चाहिए।

मुम्बई के विनियोग परिवार की सहायता हेतु कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त किया कि हमें भरपूर सहयोग भविष्य में देते रहेंगे। इससे हम जनता जनार्दन की समिति के माध्यम से सदैव सेवा में तत्पर रहेंगे।

नई दुनिया 24 July

# मिलकर करें काम : रामचंद्र

## हरिजन सेवक संघ के प्रदेश सचिव गाँधी स्मारक आए

छतरपुर। हरिजन सेवक संघ के प्रदेश सचिव रामचंद्र परमार ने कहा है कि हरिजन सेवक संघ एवं गाँधी स्मारक निधि मिलकर काम करें तो हरिजनों का और अधिक कल्याण हो सकता है।

श्री परमार आज सुबह गाँधी स्मारक भवन में आए। उन्होंने आश्रम में हरिजन सेवक संघ एवं गाँधी स्मारक निधि के पुराने रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 35 वर्षों से गाँधी स्मारक भवन में हरिजन बालिका आश्रम संचालित है। महात्मा गाँधी द्वारा स्थापित हरिजन सेवक संघ ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। गाँधी स्मारक निधि के सचिव संजयसिंह ने कहा कि हरिजन सेवक संघ के कार्यक्रम गाँधीवादी रचनात्मक कार्यक्रम हैं। सामाजिक उत्थान हेतु यह संस्था समर्पित भाव से कार्य कर आदर्श प्रस्तुत कर रही है, इसलिए साथ मिलकर हमें पहले जैसे कार्यक्रम करने की जरूरत है। चर्चा उपरांत गाँधी स्मारक भवन में श्री परमार ने पौधरोपण किया। गाँधी स्मारक निधि के संजयसिंह ने बताया कि पर्यावरण दिवस के अवसर से गाँधी स्मारक निधि ने पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग दो सौ फलदार वृक्ष मसलन आँवला, अमरूद, कटहल, बादाम, काजू के पौधों का रोपण किया गया। शहर के पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए गाँधी स्मारक भवन का बड़ा योगदान है। अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर आश्रम को पर्यावरण की दिशा में समृद्ध बनाने की कोशिशें जारी हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष सरदार प्यारासिंह ने आश्वासन दिया है कि गाँधी स्मारक निधि को पौधे उपलब्ध कराए जाएँगे। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान शांति कपूर पोतदार, संजय चौधरी, शिवपूजन अवस्थी, लालजी भाई, सत्येंद्रसिंह, रामकिशन कुशवाहा एवं हरिजन सेवक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे। -नप्रसे

# गांधी भवन में पौधे लगाए

**कार्यालय संवाददाता. छतरपुर**

छत्रसाल चौक स्थित गांधी स्मारक निधि में बुधवार की सुबह हरिजन सेवक संघ की प्रदेश इकाई सचिव रामचंद्र परमार ने पौधारोपण किया।

श्री परमार ने कहा कि गांधी भवन में पिछले 50 साल से हरिजन बालिका आश्रम संचालित है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा स्थापित हरिजन सेवक संघ शिक्षा और सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गांधी स्मारक निधि के सचिव संजय सिंह ने कहा कि हरिजन सेवक संघ गांधीवादी रचनात्मक कार्यक्रम है। हरिजन समाज के उत्थान की दिशा में समर्पित होकर काम करते हुए इसने आदर्श प्रस्तुत किया है।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण दिवस पर सिटी भास्कर की ओर से आश्रम में शुरू किए गए पौधारोपण कार्यक्रम से अब तक 200 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इनमें आंवला, अमरूद, कटहल, बादाम और काजू के पौधे प्रमुख हैं। इस अवसर पर शांति कपूर, संजय चौधरी, शिवपूजन अवस्थी, लालली भाई, सतेंद्र सिंह और रामकिशन कुशवाहा प्रमुख रूप से मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

अभियान तलैया का निर्माण होने से ग्रामीणों में हर्ष, सड़क में लगने वाली मिट्टी और पत्थर अपनी भूमि से निकालने के लिए दी सहमति

# प्रस्फुटन समिति के श्रमदान से बनाई तलैया

भोपाल गुरुवार, 11 जून, 2015

राज एक्सप्रेस



छतरपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क

लवकुशनगर अनुविभाग के ग्राम परसेड़ी में मप्र जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति परसेड़ी व ग्राम वासियों के श्रमदान से गांव में तलैया बनाई दी गई। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तथा नवांकुर संस्था स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समिति छठी बम्हौरी, ऋषिकुल आश्रम समिति ने गांव में तलैया निर्माण की कार्य योजना तैयार की और ग्राम में बन रही सड़क में लगने वाली मिट्टी पत्थर आदि अपनी भूमि से निकालने के लिए सहमति दी। सड़क निर्माण के लिए एक ही स्थान से लगातार मिट्टी व पत्थर निकाले से यहां गड्ढा बना हुआ था इसी स्थान पर समिति के लोगों तथा ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान किया गया जिससे गांव में छोटी तलैया का निर्माण हो गया। तलैया निर्माण होने से ग्रामीणों में हर्ष है।

## किसानों और मवेशियों को मिलेगा पानी

तलैया के बनने से जहां किसानों और मवेशियों को पानी मिलेगा वहीं आसपास के कुओं में पानी का स्तर भी बढ़ेगा। परसेड़ी गांव के इस निर्माण में समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, सचिव वरूण शुक्ला, शोभा लाल राजपूत, जगदीश, अयोध्या सोनी, आशाराम शुक्ला, राजेश अग्निहोत्री, आत्माराम शुक्ला, सुरेश कुमार पटेल, दादूराम, राकेश निगम, अवध बाजपेई, सुशील वर्मन जिला समन्वयक, शिवपूजन अवस्थी, सूरज द्विवेदी का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रमदान से बना दिया पुल

मप्र जनअभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरा एवं ग्रामीणों के सहयोग से लकड़ेर नदी में कुड़ियन के पास पुल का निर्माण किया गया है। लकड़ेर नदी के पुनर्जीवन हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। 8 जून को कीरतपुरा में इस संबंध में चर्चा की गई। नदी पर बंधान एवं सफाई की योजना बनाकर 9 एवं 10 जून को श्रमदान करते हुए कुड़ियन पर पत्थरों की बंधान बनाकर उसमें मिट्टी डालकर समतल किया गया है। ग्रामवासी चाहते है कि शासन द्वारा इस स्थान पर एक स्टापडेम बन जाए ताकि जल संकट से मुक्ति मिल सके। ग्रामीणों के स्वैच्छिक एवं सामूहिक श्रमदान से यह कार्य हो सका। इसमें जिला समन्वयक सुशील वर्मन, विकासखंड समन्वयक विजयेन्द्र जड़िया, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार नामदेव, गज्जू रैकवार, दीनदयाल रैकवार, रमोला कुशवाहा, सुनील रैकवार के अलावा रैकवार समाज तथा कुशवाहा समाज कीरतपुरा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



एक्सप्रेस न्यूज

### पं. उपेन्द्र द्विवेदी की मनाई पुण्यतिथि

**चंदला।** शनिवार को ऋषिकुल आश्रम के संस्थापक पं. उपेन्द्र द्विवेदी की पुण्यतिथि श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई छठी बम्हौरी, चंदला मार्ग पर स्थित ऋषिकुल आश्रम में सुबह से ही लोगों का पहुंचा शुरू हो गया था। यहां बने चबूतरे पर लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा पं. उपेन्द्र द्विवेदी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। पुण्यतिथि पर मौजूद लोगों में शिवपूजन अवस्थी, डॉ. लखन लाल गुप्ता, डॉ. दरबारी लाल मलिक, आर.के. द्विवेदी, तरूण शुक्ला, धर्मेन्द्र प्रताप उर्फ गट्टू सिंह, नर्मदा सोनी, राजकुमार सोनी, सीताराम यादव तथा वरूण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

राज एक्सप्रेस 10.6.015

राज एक्सप्रेस
भोपाल, शनिवार, 12 मई, 2012
16

# कलेक्टर ने लिया ग्रीष्मकालीन शिविर का जायजा



लवकुशनगर (आरएनएन)। नगर के दौरे पर आए कलेक्टर राहुल जैन शुक्रवार को सुबह 9 बजे पं. उपेन्द्र नाथ कला महाविद्यालय पहुंचे और वहां 1 मई से चलाए जा रहे ग्रीष्म कालीन योग, कला, संगीत प्रशिक्षण शिविर का जायजा लिया तथा शिविर के प्रतिभागी छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर राहुल जैन ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में कला, संगीत व योग का बड़ा महत्व है। जहां संगीत चारों ओर से निराश व्यक्ति के जीवन में नए उत्साह का संचार कर व्यक्ति को सारी चिंताओं से मुक्त करता है। वहीं योग व्यक्ति को निरोग जीवन प्रदान करता है। उन्होंने महाविद्यालय के संचालन शिवपूजन अवस्थी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे निःस्वार्थ भाव से प्रतिभाओं को तरासने के कार्य में लगे हुए हैं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से गीत भी सुने तथा नन्ही बच्चियों के नृत्य कौशल को देख कर भूरि भूरि प्रशंसा की। बच्चियों के द्वारा बनाई गई पेंटिंग देख कर वे अभिभूति हो गए तथा उन्होंने सभी का उत्साह वर्धन करते हुए महाविद्यालय को हर सभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक शिवपूजन अवस्थी ने कलेक्टर को अनुपम मिश्रा द्वारा लिखित पुस्तक आज भी खरे हैं तालाब नामक पुस्तक भेंट की।

राज की दुनिया
छतरपुर, गुरूवार 31 मई 2012


# संगीत, कला शिविर का समापन आज

छतरपुर। स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे ग्रीष्म कालीन योग संगीत कला शिविर का समापन 31 मई को नगर पालिका के टाउन हाल में किया जाएगा। शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि गांधी आश्रम में विगत एक माह से बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए आयोजित किए जा रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला, मेंहदी आदि प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर क दौरान बाहर से आए कलाकारों ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। शिविर का सम्मापन समारोह 31 मई को शाम 7 बजे से नगर पालिका टाउन हाल में होगा जिसमें शिविर में प्रशिक्षित बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी व पुरस्कार वितरण होगा।

राज एक्सप्रेस
भोपाल, शनिवार, 12 मई 2012



# जागरूकता रैली निकाल किया श्रमदान



राज न्यूज नेटवर्क

लवकुशनगर। जन भागीदारी से श्री हनुमान सागर में चल रहे श्रमदान शिविर में गुरुवार को पंडित उपेन्द्रनाथ कला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा श्रमदान किया गया। इसके पहले महाविद्यालय की छात्राओं ने हाथों में जल संरक्षण के नारे लिखी तख्तियां लेकर नगर में एक रैली निकाली तथा लोगों को पानी बचाने व पानी का संग्रहण करने का संदेश दिया। इसके बाद वे रैली के रूप में हनुमान तालाब पहुंची तथा तालाब खुदाई कार्य में श्रमदान किया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली का नागरिकों में गहरा प्रभाव पड़ा है। छात्राओं में रितुबाला द्विवेदी, मोहिनी दीक्षित, राशी निगम, रचना निगम ,श्वेता त्रिपाठी ,गीता विश्वकर्मा, छवि विश्वकर्मा सहित अनेक छात्राओं ने श्रमदान किया। महाविद्यालय के संचालक शिवपूजन अवस्थी, प्राचार्य सिम्मी बाजपेई, शिक्षक सचिन महतो, नाथू राम पटेल, रमेश सिंह राजपूत, अरविंद चौरसिया ने भी श्रमदान किया। इस दौरान नित्य की भांति एसडीएम रमेश कुमार सिंह, तहसीलदार यूसी मेहरा व अन्य अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों ने तथा पत्रकारों ने भी श्रमदान किया।

दैनिक भास्कर सागर, शुक्रवार, 11 मई, 2012 6

# कलाकारों ने तालाब में किया श्रमदान

## जलाभिषेक अभियान | संगीत कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकालकर जलसंरक्षण का संदेश दिया

भास्कर संवाददाता | लवकुशनगर

नगर के हनुमान तालाब में चल रहे जलाभिषेक अभियान में गुरुवार को पं. उपेंद्रनाथ संगीत कला कॉलेज की छात्राओं ने श्रमदान किया। इसके पहले इन छात्राओं ने रैली निकालकर जलस्रोत बचाने और श्रमदान करने के लोगों को जाग्रत करने का प्रयास किया।

हनुमान सागर तालाब के गहरीकरण में पं.उपेंद्र नाथ संगीत कला कॉलेज की छात्राओं ने श्रमदान किया। छात्राओं ने सुबह से रैली निकाली। हाथों में जल संरक्षण के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नगर भ्रमण किया। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए वे हनुमान सागर तालाब पहुंची। यहां उन्होंने मिट्‌टी को तालाब से बाहर निकालकर जलस्रोत बचाने में सहयोग किया। ये छात्राएं अपनी संगीत कक्षा छोड़कर श्रमदान करने गईं थीं। छात्राओं में ऋतुबाला द्विवेदी, मोहिनी दीक्षित, राशि निगम, रचना निगम, श्वेता त्रिपाठी, गीता विश्वकर्मा, छवि विश्वकर्मा ने श्रमदान किया।



लवकुशनगर। जलाभिषेक अभियान के दौरान श्रमदान करती छात्र-छात्राएं।

इस दौरान एसडीएम रमेश सिंह, तहसीलदार यूसी मेहरा, प्राचार्य सिम्मी वाजपेयी, शिवपूजन अवस्थी, सीता तिवारी, श्रद्धा साहू,विकास गंगेले, रामकिशोर अनुरागी ने भी श्रमदान किया। सुर, ताल और लय की शिक्षा ग्रहण कर रहीं छात्राओं को जब हाथों में तसला थामें लोगों ने देखा तो उन्हें अपने जलस्रोत बचाने के लिए उत्साह पैदा हुआ। नगर के सैकड़ों ऐसे लोग सामने आ रहे हैं जो अब तक जलस्रोत बचाने के लिए पहल नहीं कर रहे थे।

**राज एक्सप्रेस**
भोपाल, मंगलवार, 22 मई, 2012

# जैव विविधता दिवस पर आज होंगे अनेक कार्यक्रम

छतरपुर (आरएनएन)। अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर मंगलवार 22 मई को छतरपुर जिले में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय पर प्रातःकालीन रैली सहित व्याख्यान माला व छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत सीईओ भावना वालिम्बे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस पर 22 मई 2012 को स्टेडियम से प्रातः 7 बजे रैली प्रारंभ होकर छत्रसाल चौराहा होते हुए गांधी आश्रम पहुंचेगी। रैली में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में सम्मिलित हो रहे प्रतिभागियों के साथ उनके प्रशिक्षक भी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि गांधी आश्रम में प्रातः 7.45 बजे जैवविविधता विषय पर व्याख्यान माला एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम होगा।


## सुबह होगी चित्रकला प्रतियोगिता

प्रातः 8.30 बजे स्कूली छात्रों हेतु जैवविविधता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसके लिए 45 मिनट की समयावधि निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 4 से लेकर 8 तक की जूनियर श्रेणी तथा कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक की सीनियर श्रेणी में छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। सीईओ ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों हेतु निर्णायक कमेटी का गठन भी किया गया है जिसमें डीईओ एसके त्रिपाठी, जिला परियोजना समन्वयक एसके शर्मा, जिला पंचायत में सहायक परियोजना अधिकारी बीके खरे, शिवपूजन अवस्थी को सम्मिलित किया गया है। गांधी आश्रम में आयोजित जैवविविधता कार्यशाला में वनसंरक्षक अनूप सिंह राजपूत, महाराजा कालेज के प्राचार्य डॉ. जीपी राजौरे, सहायक प्राध्यापक डॉ. पुष्पेन्द्र खरे, डॉ. अमिता अरजरिया, वरिष्ठ अध्यापक वंदना सिंह सहित जैवविविधता विषय विशेषज्ञ एवं पर्यावरण से जुड़े अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे।

राज एक्सप्रेस
भोपाल, शनिवार, 12 मई 2012



# जागरूकता रैली निकाल किया श्रमदान



■ राज न्यूज नेटवर्क

लवकुशनगर। जन भागीदारी से श्री हनुमान सागर में चल रहे श्रमदान शिविर में गुरुवार को पंडित उपेन्द्रनाथ कला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा श्रमदान किया गया। इसके पहले महाविद्यालय की छात्राओं ने हाथों में जल संरक्षण के नारे लिखी तख्तियां लेकर नगर में एक रैली निकाली तथा लोगों को पानी बचाने व पानी का संग्रहण करने का संदेश दिया। इसके बाद वे रैली के रूप में हनुमान तालाब पहुंची तथा तालाब खुदाई कार्य में श्रमदान किया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली का नागरिकों में गहरा प्रभाव पड़ा है। छात्राओं में रितुबाला द्विवेदी, मोहिनी दीक्षित, राशी निगम, रचना निगम ,श्वेता त्रिपाठी ,गीता विश्वकर्मा, छवि विश्वकर्मा सहित अनेक छात्राओं ने श्रमदान किया। महाविद्यालय के संचालक शिवपूजन अवस्थी, प्राचार्य सिम्मी बाजपेई, शिक्षक सचिन महतो, नाथू राम पटेल, रमेश सिंह राजपूत, अरविंद चौरसिया ने भी श्रमदान किया। इस दौरान नित्य की भांति एसडीएम रमेश कुमार सिंह, तहसीलदार यूसी मेहरा व अन्य अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों ने तथा पत्रकारों ने भी श्रमदान किया।

शुक्रवार, 24 मई, 2013
राज एक्सप्रेस

# ऋषिकुल आश्रम समिति ने शुरू की प्याऊ व्यवस्था




राज न्यूज नेटवर्क

लवकुशनगर। पांच तत्वों से मिलकर बने इस शरीर में पानी का एक विशेष महत्व है। बिना पानी के जीवन संभव नहीं है। यदि हम पानी के महत्व को नहीं समझेंगे तो इसके हमें परिणाम भी भुगतने पड़ेंगे। यह बात मप्र जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था ऋषिकुल आश्रम समिति लवकुशनगर के सार्वजनिक प्याऊ के उद्घाटन अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मंत्री वीरेन्द्र सर्राफ ने कही।

श्री सर्राफ ने कहा कि हम सभी को जल संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए। सबके प्रयास से ही पानी बचाने में कामयाबी मिल सकेगी। उन्होंने बच्चों एवं युवाओं से जल संरक्षण में सहयोग का आग्रह किया। युवा मोर्चा के जिला महामंत्री दीपक खरे, भाजपा युवा नेता योगेन्द्र प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजाबेटा पटेल एवं पं. उपेन्द्र नाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय कला महाविद्यालय की प्राचार्य सिम्मी बाजपेयी ने भी अपना बात रखी। इस अवसर पर रविन्द्र जड़िया, उप्पन गंगेले, संजय तिवारी, मयंक प्रजापति, आकाश जड़िया, आशीष तिवारी, ममता पाल, छवि विश्वकर्मा, आरती सिंह शकुन्तला जड़िया, पुनीत तिवारी आदि उपस्थित है। यह सार्वजनिक प्याऊ ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा संचालित किया गया। वहीं विगत रोज वैभव महिला संस्थान के सहयोग से अदालत परिसर में प्याऊ की शुरूआत की गई है जबकि नवांकुर संस्था प्रगति युवा विकास केन्द्र लवकुशनगर द्वारा स्टेट बैंक के सामने प्याऊ शुरू कराया गया है। मप्र जनअभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक हरीराम अहिरवार के मार्ग दर्शन में प्याऊ खुलवाए गए है।

कृष्ण क्रान्ति

छतरपुर
रविवार, 27 मार्च 2016

# जल संरक्षण का दिया संदेश

## ग्राम हरद्वार में जलस्रोतों की सफाई

लवकुशनगर । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की प्रस्कुटन समिति की नामांकुर संस्था हरिहर गौशाला समिति द्वारा समीप स्थित ग्राज हरद्वार में जनसहयोग से जलस्रोतों की सफाई कर पानी बचाने का संदेश दिया गया। गांव के कुओं की सफाई में ग्रामीणों ने भी श्रमदान कर समिति पदाधिकारियों को सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम समन्वयक विकास गंगेले ने बताया कि समिति अध्यक्ष डॉशिवपूजन अवस्थी के दिशा निर्देशन में समिति पदाधिकारियों ने ग्राम हरद्वार में ग्रामीणों को पानी का महत्व समझाया और कुओं की सफाई कर पानी बचाने का संदेश दिया। जल है तो कल है के नारे के बीच सभी पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव स्थित कुओं की सफाई की ओर पानी न आने की स्थिति मेंमशीनों को लगाने पर भी विचार किया। समिति अध्यक्ष डॉ अवस्थी ने कहा कि पानी के बगैर मानव जीवन की कल्पना संभव नहींहै उनकी समिति इस प्रकार के जनहित से जुडे कार्यों को कर लोगों को भी इस दिशा में काम करने की प्रेरित करती है। उनके मुताबिक आगामी समय मे भी इस प्रकार के शिविर क्षेत्र के अन्य गांवों में लगाकर ग्रामीणों को पानी के महत्व की समझाइश दी जाएगी। जलस्रोतों की सफाई के दौरान ग्रामीणों को सहयोग मिलने पर उन्होने आभार प्रकट किया।

सागर, सोमवार, 01.02.2016
पत्रिका छतरपुर पत्रिका mp.patrika.com

कार्यशाला ◆ जल प्रबंधन एवं कृषि विषय पर वैज्ञानिकों ने कहा-

# जलसंरक्षण से दूर होगी पानी की समस्या

छतरपुर @ पत्रिका
mp.patrika.com/city

गांधी स्मारक भवन में जल प्रबंधन एवं कृषि विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने जल संकट से निबटने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि इससे पानी की समस्या दूर हो सकती है। वैज्ञानिक डॉ. चंद्र साहू ने कहा वर्षा जल का सही उपयोग करने के लिए प्रबंधन करना जरूरी है। इस विषय को लेकर कृषक व वैज्ञानिकों की समझ अलग-अलग है लेकिन प्रबंधन सही हो तो सूखा और बाढ़ दोनों से बचा जा सकता है। बुंदेलखण्ड के लिए अगर 50 फीसदी वर्षा का जल भी बचा लेते तो सालभर काम चल सकता है। इसलिए पानी को ग्रेनाइट के पहले स्तर में ही संरक्षित रखना जरूरी है। भूजल को 20-40 फुट के अंदर ही रखने की कोशिश करना और पांच साल लगातार करने के बाद ही ग्रेनाइट के पहले स्तर में स्वयं ही पानी की मात्रा में वृद्धि होगी। सोकपीट की लंबाई अधिक होना चाहिए।



कार्यशाला में उपस्थित लोग।

## कृषकों को दी जानकारी

डॉ. शिशिर परीजा ने किसानों के लिए नो कास्ट-तकनीकी पर बात की। उन्होंने जल प्रबंधन के साथ कृषि का संबंध एवं जैविक कृषि तकनीकी पर बात की। डॉ.भारतेंदु प्रकाश ने कहा बुंदेलखंड को वन एवं तीर्थ क्षेत्र के रूप मे विकसित करना होगा। पहले यहां लगभग 23 प्रकार की फसल विधि थी लेकिन जंगल और पहाड़ों पर संकट आने से वह विविधता समाप्त हो गई। डॉ. प्रकाश ने कहा जंगल और पहाड़ नहीं बना सकते। हां कचरे के पहाड़ जरूर बना रहे हैं। जंगल एवं पहाड़ों का सीधा संबंध पानी व कृषि पर है इनका नुकसान करने से ही अनियमित वर्षा व जलवायु में परिवर्तन हुआ है। अभी भी हम इन्हें संरक्षित कर स्थिति को संभाल सकते हैं। इस अवसर पर किसानो के प्रश्नों का जवाब भी विशेषज्ञों ने दिया। साथ में संबंधित साहित्य भी दिया गया। इस मौके पर संजय सिंह, प्रेमनारायण मिश्र, अवधेश नारायण तिवारी, भगवान चरण, भागचंद्र पटेल, रामचरण पटेल, भवानीदीन कुशवाहा, संतोष विश्वकर्मा, धर्मेंद्र छठे बंहोरी, शिरिश सामंत, शोभना श्रीवास्तव, विनोद रावत, बब्बू पाल, भूपेंद्र त्रिपाठी, संजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

विंध्य-शक्ति छतरपुर
सोमवार, 30 मई 2011

# नौतपा की गर्मी से पक्षियों को कूंड़े दिलाएंगे राहत

छतरपुर। इस समय सूर्य भगवान का प्रकोप उग्र दिखाई दे रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान से चारों ओर परेशानियां खड़ी हो रही हैं। सबसे ज्यादा समस्या पानी की है। आम आदमी तो अपने पीने के पानी की व्यवस्था जैसे-तैसे कर लेता है लेकिन बेजुबान जानवर और पक्षियों के सामने पीने के पानी की भारी दिक्कतें आ रही हैं। पानी न मिलने से ऐसे जीव-जंतु अकाल मौत के शिकार हो रहे हैं।



हिंदु उत्सव समिति द्वारा नौतपा की भीषण गर्मी से जानवरों एवं पक्षियों को निजात दिलाने यथा संभव प्रयास किए जा रहे हैं। गत रोज समाजसेवियों एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों की मौजूदगी में गांधी आश्रम सहित कई स्थानों पर पानी भरने के लिए मिट्टी के कूंडे टंगवाए गए। हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा के हवाले से संवाद प्रमुख कमल अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ते तापमान से पानी का संकट भी गहरा गया है इसलिए खासतौर से पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। समिति द्वारा कई स्थानों पर मिट्टी के कूंड़ें टंगवाए गए हैं तथा उनको लगातार पानी से भरने के लिए लोगों से आग्रह किया गया है ताकि पक्षियों को पानी मिल सके। समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने आसपास टंगे मिट्टी के कूंड़ों को लगातार पानी से भरते रहें ताकि बेजुवान पक्षियों की इस झुलसती गर्मी में जान बचाई जा सके। इस दौरान शीलिंग ग्रुप ऑफ एजूकेशन के एमडी संजीव नगरिया, डॉ अश्विनी दुबे, व्यवसायी कृष्णा रावत, शिव पूजन अवस्थी, नीलम रावत, बरखा मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। श्री मिश्रा ने यह भी आग्रह किया है कि जहां भी उनकी समिति द्वारा पानी की टंकियां रखवाई गई हैं उन्हें भी नियमित भरा जाए जिससे आवारा घूम रहे जानवरों को पानी मिल सके।

दैनिक हम पाँच

# नौतपा की गर्मी से पक्षियों को कूंड़े दिलाएंगे राहत



छतरपुर। इस समय सूर्य भगवान का प्रकोप उग्र दिखाई दे रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान से चारों ओर परेशानियां खड़ी हो रहीं हैं। सबसे ज्यादा समस्या पानी की हैं। आम आदमी तो अपने पीने के पानी की व्यवस्था जैसे- तैसे कर लेता है लेकिन बेजुबान जानवर और पक्षियों के सामने पीने के पानी की भारी दिक्कतें आ रही हैं। पानी न मिलने से ऐसे जीव-जंतु अकाल मौत के शिकार हो रहे हैं। हिंदु उत्सव समिति द्वारा नौतपा की भीषण गर्मी से जानवरों एवं पक्षियों को निजात दिलाने यथा संभव प्रयास किए जा रहे हैं। गत रोज समाजसेवियों एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों की मौजूदगी में गांधी आश्रम सहित कई स्थानों पर पानी भरने के लिए मिट्टी के कूंडे टंगवाए गए। हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा के हवाले से संवाद प्रमुख कमल अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ते तापमान से पानी का संकट भी गहरा गया है इसलिए खासतौर से पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। समिति द्वारा कई स्थानों पर मिट्टी के कूंड़ें टंगवाए गए हैं तथा उनको लगातार पानी से भरने के लिए लोगों से आग्रह किया गया है ताकि पक्षियों को पानी मिल सके। समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा ने लोगों से आग्रह किया हैं कि वे अपने आसपास टंगे मिट्टी के कूंड़ों को लगातार पानी से भरते रहें ताकि बेजुवान पक्षियों की इस झुलसती गर्मी में जान बचाई जा सके। इस दौरान शीलिंग ग्रुप ऑफ एजूकेशन के एमडी संजीव नगरिया, डॉ अश्विनी दुबे, व्यवसायी कृष्णा रावत,शिव पूजन अवस्थी, नीलम रावत,बरखा मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। श्री मिश्रा ने यह भी आग्रह किया है कि जहां भी उनकी समिति द्वारा पानी की टंकियां रखवाई गई हैं उन्हें भी नियमित भरा जाए जिससे आवारा घूम रहे जानवरों को पानी मिल सकें।

प्राकृतिक संस्थानों को बचाने गाँधी स्मारक निधि की पहल

# गंगा बचाने चलाया हस्ताक्षर अभियान

छतरपुर। म.प्र. गाँधी स्मारक निधि द्वारा माँ गंगा के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के तहत ऋषिकुल आश्रम छठी बम्हौरी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर पर्यावरण जागरुकता तथा प्राकृतिक संसाधनों के सदुपयोग हेतु समाज में जागरुकता लाने का संकल्प लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी तथा ऋषिकुल आश्रम के संस्थापक पं. उपेंद्र नाथ त्रिवेदी की श्रद्धांजलि कार्यक्रम छठी बम्हौरी में पहरा, परेई, पलटा, रावपुर, चंदला, कबरई, महोबा, छतरपुर, लौंडी सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर पर्यावरण के प्रति पं. जी के समर्पण को याद किया गया। तत्पश्चात गंगा जैसी पवित्र नदी को बचाने के लिए लोगों ने शपथ ली। गाँधी स्मारक निधि के सचिव संजयसिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस मिशन का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग के बारे में जनचेतना पैदा करना है। लौंडी क्षेत्र के लिए इस अभियान की जिम्मेदारी शिवपूजन अवस्थी को दी गई है। इस मौके पर श्री अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों पानी, नदियों को लेकर लोगों में समझ विकसित करना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में आर.के. द्विवेदी, डॉ. अखिलेश निगम, डॉ. एल.एल. गुप्ता, डॉ. डी.ए. मलिक, पं. अवधेश कुमार द्विवेदी ने भी विचार व्यक्त किए। -नप्रसे



# ग्रामीणों को किया जागरूक

■ राज न्यूज नेटवर्क

छतरपुर। जिला मुख्यालय के निकट ग्राम देरी में नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. हरीश शर्मा ने कहा कि शिक्षा से बच्चों को समुचित विकास होता है। इसलिए बच्चों को स्कूल जरूर भेजना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि स्कूल से लौटने पर बच्चों से स्कूल की गतिविधियों के बारे में चर्चा जरूर करें। विशिष्ट अतिथि मनोज नायक ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, स्व सहायता समूह से रोजगार और बालिका शिक्षा पर प्रकाश डाला।

नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक व्ही.एस. पांडेय ने युवाओं को शिक्षा, रोजगार, खेल और सांस्कृतिक विधाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गीत भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में कौशलेन्द्र सिंह ने आभार जताया।

कृष्ण क्रान्ति

छतरपुर
सोमवार, 28 मार्च 2016

# जल संरक्षण का दिया संदेश

## ग्राम हरद्वार में जलस्रोतों की सफाई

लवकुशनगर । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति की नामांकुर संस्था हरिहर गौशाला समिति द्वारा समीप स्थित ग्राज हरद्वार में जनसहयोग से जलस्रोतों की सफाई कर पानी बचाने का संदेश दिया गया। गांव के कुओं की सफाई में ग्रामीणों ने भी श्रमदान कर समिति पदाधिकारियों को सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम समन्वयक विकास गंगेले ने बताया कि समिति अध्यक्ष डॉशिवपूजन अवस्थी के दिशा निर्देशन में समिति पदाधिकारियों ने ग्राम हरद्वार में ग्रामीणों को पानी का महत्व समझाया और कुओं की सफाई कर पानी बचाने का संदेश दिया। जल है तो कल है के नारे के बीच सभी पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव स्थित कुओं की सफाई की ओर पानी न आने की स्थिति मेंमशीनों को लगाने पर भी विचार किया। समिति अध्यक्ष डॉ अवस्थी ने कहा कि पानी के बगैर मानव जीवन की कल्पना संभव नहीहै उनकी समिति इस प्रकार के जनहित से जुडे कार्यों को कर लोगों को भी इस दिशा में काम करने की प्रेरित करती है। उनके मुताबिक आगामी समय में भी इस प्रकार के शिविर क्षेत्र के अन्य गांवों में लगाकर ग्रामीणों को पानी के महत्व की समझाइश दी जाएगी। जलस्रोतों की सफाई के दौरान ग्रामीणों को सहयोग मिलने पर उन्होने आभार प्रकट किया।

शनिवार, 1 जून, 2013
राज एक्सप्रेस

## नशा मुक्ति पर संगोष्ठी आयोजित

**छतरपुर।** विश्व नशामुक्ति दिवस के मौके पर लवकुशनगर स्थित पं. उपेन्द्रनाथ महाविद्यालय में ऋषिकुल आश्रम समिति ने नशामुक्ति पर संगोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में महोबा में नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान चला रहे %यतेन्द्र त्रिपाठी के अलावा वीरेन्द्र सर्राफ विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने उपस्थित लोगों से नशे के परिणामों के बारे में जानकारी दी। यह भी बताया गया कि जिस तरह से युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है उससे उनका शरीर खोखला हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से शिवपूजन अवस्थी ने उपस्थितजनों का आभार जताया। वहीं एक अन्य जानकारी के मुताबिक नवांकुर संस्था नारायण युवा विकास वाहिनी ने नशा मुक्ति के खिलाफ नौजवानों को जानकारी देते हुए इससे दूर रहने की सलाह दी।

गुरुवार, 6 जून, 2013
राज एक्सप्रेस

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**छतरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लवकुशनगर में ऋषिकुल आश्रम समिति की ओर से पर्यावरण बचाने का संदेश देती हुई एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने इस बात पर बल दिया कि हमारे आसपास पेड़ लगाने से ही पर्यावरण में सुधार नहीं हो सकता है। उनका मानना है कि साफ-स्वच्छ पानी एवं गंदगी को फैलने से रोकने के अलावा पौधों की रक्षा एवं पौधों का रोपण जैसे महत्त्वपूर्ण बिंदु भी पर्यावरण को सुधारने में मदद देंगे। इस मौके पर नाथूराम पटेल, दाऊराम निगम, प्रहलाद सेन, वीरेन्द्र सर्राफ, शिवपूजन अवस्थी उपस्थित रहे। वहीं सरवई में नारायण युवा विकास वाहिनी मण्डल के कार्यालय में पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष ने अतिथिजनों का आभार जताया।

# 120 ग्रामीणों के नेत्रों का परीक्षण

**ऋषिकुल आश्रम छठी बम्हौरी में शिविर का आयोजन**

छतरपुर। श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा ऋषिकुल आश्रम के तत्वावधान में एक दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन शासकीय हाईस्कूल छठी बम्हौरी के प्रांगण में किया गया।

शिविर में क्षेत्र के लगभग 120 लोगों के नेत्रों का परीक्षण जानकीकुंड चित्रकूट के चिकित्सकों ने किया। ऋषिकुल आश्रम के प्रधान सचिव शिवपूजन अवस्थी ने बताया कि अपने 10 सूत्री कार्यक्रम के तहत ऋषिकुल आश्रम समाज सेवा का रहा है, जिसके अंतर्गत नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 35 मोतियाबिंद के 30 लोगों को दवा का वितरण, 8 मरीजों को चश्मा, 20 लोगों को चश्मा की जांच कर 87 लोगों को त्वरित लाभ दिया गया। मोतियाबिंद से ग्रसित 35 मरीजों को ऋषिकुल आश्रम के सहयोग से नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट ऑपरेशन के लिए भेजा गया है। प्रधान सचिव श्री अवस्थी ने बताया कि लौंड़ी व बारीगढ़ विकासखंड में आगामी समय में लगभग 10 शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें से प्रथम शिविर आगामी 5 जून को ऋषिकुल आश्रम छठी बम्हौरी में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि नेत्र शिविर में विकासखंड शिक्षाधिकारी सुखदेव प्रसाद अवस्थी, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, एडवोकेट वरुण शुक्ला, सरपंच श्रीमती राजाबाई अनुरागी, जैनिथ बिल्डर्स के मनोज चौरसिया, आर.के. द्विवेदी, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के नेत्र चिकित्सक डॉ. सुधीर कुमार, टीम इंचार्ज इंद्रजीत शर्मा ने सहयोग प्रदान किया। सभी सहयोगियों के प्रति श्री अवस्थी ने आभार जताया है। -*नसं*

# ऋषिकुल आश्रम में आयोजित हुआ नेत्र परीक्षण शिविर

छतरपुर। ऋषिकुल आश्रम छठी बम्हौरी के तत्वावधान में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट की ओर से एक दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। छठी बम्हौरी के हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित इस शिविर में तकरीबन 120 लोगों की आंखों का परीक्षण किया गया। ऋषिकुल आश्रम के प्रधान सचिव शिवपूजन अवस्थी ने बताया कि ऋषिकुल आश्रम ऐसे सामाजिक कार्यों में हमेशा से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता आया है। 120 लोगों की शिविर के माध्यम से आंखों की जांच हुई। परीक्षणोपरांत 35 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। 30 लोगों को दवा देने के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया है। 8 लोगों को चश्मा तथा 20 लोगों को चश्मा की जांच कराई गई। 87 लोगों को तत्काल लाभ मिला। ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए 35 मरीजों को चित्रकूट जानकी कुण्ड स्थित नेत्र चिकित्सालय ऋषिकुल आश्रम के सहयोग से भेजा गया है। इस परीक्षण शिविर के दौरान विकासखण्ड शिक्षाधिकारी लौंड़ी सुखदेव प्रसाद अवस्थी, जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, वरुण शुक्ला, सरपंच श्रीमती राजाबाई अनुरागी, जैनिथ बिल्डिर्स छतरपुर के मनोज चौरसिया, आरके द्विवेदी, सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के नेत्र चिकित्सक डॉ. सुजीत कुमार, टीम इंचार्ज इंद्रजीत शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संस्था सचिव शिवपूजन अवस्थी ने इस शिविर में शामिल होने तथा सहयोग देने के लिए सभी का आभार जताया।

भोपाल, शनिवार 10 अप्रैल 2010 राज एक्सप्रेस

# 120 में से 35 में मिले मोतियाबिंद के लक्षण

■ राज न्यूज नेटवर्क

छतरपुर। ऋषिकुल आश्रम छठी बम्हौरी के तत्वावधान में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट की ओर से छठी बम्हौरी के हाईस्कूल प्रांगण में एक दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आए कुल 120 नेत्र रोगियों में से 35 रोगियों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए।

शिविर के शुरू होते ही बड़ी संख्या में नेत्र रोगी परीक्षण के लिए पहुंचे। शिविर में सद्गुरू सेवा ट्रस्ट के नेत्र चिकित्सक डॉ. सुजीत कुमार, टीम इंचार्ज इंद्रजीत शर्मा ने पंजीकृत 120 रोगियों के नेत्रों की जांच की और परीक्षणोपरांत 35 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिलने पर उन्हें मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजने की व्यवस्था की। शिविर में आए 30 नेत्र रोगियों को दवा दी गई। इसी तरह शिविर में 8 लोगों को चश्मा उपलब्ध कराया गया और 20 नेत्र रोगियों के चश्मों की जांच कराई गई। 87 लोगों को तत्काल लाभ मिला। शिविर में बीईओ लौंड़ी सुखदेव प्रसाद अवस्थी, जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, वरुण शुक्ला, सरपंच राजाबाई अनुरागी, मनोज चौरसिया, आरके द्विवेदी उपस्थित रहे। अंत में संस्था के सचिव शिवपूजन अवस्थी ने आभार जताया।

## महाराजपुर में शिविर आज

आर्य समाज के तत्वावधान में 10 अप्रैल को महाराजपुर में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोज किया गया है। यह शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। आर्य समाज के उपप्रधान लखन लाल आर्य, मंत्री इंद्र प्रकाश आर्य, संयोजक दीन दयाल आर्य ने सभी नेत्र रोगियों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

दैनिक भास्कर

# जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला सम्पन्न

छतरपुर 3 अप्रैल (कार्या.)। गांधी आश्रम में ग्रुप सोशल वेलफेयर सोसायटी छतरपुर द्वारा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल के सहयोग से आज 11 बजे भरदास बैरागी जिला समन्वयक म.प्र. जनअभियान परिषद छतरपुर की अध्यक्षता एवं राजेन्द्र गुप्ता एडवोकेट के मुख्य आतिथ्य में जलवायु परिवर्तन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत के उपरान्त समिति के सचिव आलोक द्विवेदी ने जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों एवं उससे होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुये पर्यावरण रक्षा करते हुये भरतदास बैरागी ने प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने तथा अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण जल और वायु में हो रहे.व्यापक परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुये पर्यावरण रक्षा के उपाय बताते हुये कहा कि अगर अब भी हम नहीं जागे तो हमें गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेंगे। ऋषिकुल आश्रम के सचिव शिवपूजन अवस्थी गांधी के बताये मार्ग पर चलकर पर्यावरण रक्षा के सूत्र बताये। गांधी आश्रम के रवि शुक्ला ने उनके द्वारा पर्यावरण रक्षा हेतु किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में समिति के सचिव आलोक द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये पर्यावरण रक्षा का संकल्प दिलाया और कहा कि '' सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं कोशिश मेरी यह है कि ये सूरत बदलनी चाहिये।'' इस कार्यशाला में राजाबाबू शुक्ला, एडवोकेट विश्वनाथ नायक, अरविन्द प्रजापति, राजा समेले महेन्द्र पांचाल, मो. इस्लाम, कमलेश द्विवेदी, अरविन्द चौधरी, पुष्पेन्द्र यादव, रामकरण शुक्ला, कमल अवस्थी धर्मेन्द्र त्रिपाठी, आदि प्रमुख रूप से मौजूदथे।

नईदुनिया बुंदेलखंड

# ऋषिकुल आश्रम में आयोजित हुआ नेत्र परीक्षण शिविर

छतरपुर। ऋषिकुल आश्रम छठी बम्हौरी के तत्वावधान में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट की ओर से एक दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। छठी बम्हौरी के हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित इस शिविर में तकरीबन 120 लोगों की आंखों का परीक्षण किया गया। ऋषिकुल आश्रम के प्रधान सचिव शिवपूजन अवस्थी ने बताया कि ऋषिकुल आश्रम ऐसे सामाजिक कार्यों में हमेशा से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता आया है। 120 लोगों की शिविर के माध्यम से आंखों की जांच हुई। परीक्षणोपरांत 35 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। 30 लोगों को दवा देने के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया है। 8 लोगों को चश्मा तथा 20 लोगों को चश्मा की जांच कराई गई। 87 लोगों को तत्काल लाभ मिला। ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए 35 मरीजों को चित्रकूट जानकी कुण्ड स्थित नेत्र चिकित्सालय ऋषिकुल आश्रम के सहयोग से भेजा गया है। इस परीक्षण शिविर के दौरान विकासखण्ड शिक्षाधिकारी लौंड़ी सुखदेव प्रसाद अवस्थी, जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, वरुण शुक्ला, सरपंच श्रीमती राजाबाई अनुरागी, जैनिथ बिल्डिर्स छतरपुर के मनोज चौरसिया, आरके द्विवेदी, सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के नेत्र चिकित्सक डॉ. सुजीत कुमार, टीम इंचार्ज इंद्रजीत शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संस्था सचिव शिवपूजन अवस्थी ने इस शिविर में शामिल होने तथा सहयोग देने के लिए सभी का आभार जताया।

# छतरपुर



**शिविर** छतरपुर। एक माह के योग संगीत कला शिविर में सृजनात्मक युवा भारत द्वारा रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांधीवादी विचारक डॉ. एसएन सुब्बाराव।